नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में ''विश्व खाद्य दिवस'' का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 16 अक्टूबर 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति सभागार में ''**विश्व खाद्य दिवस**'' का आयोजन हुआ। विश्व खाद्य दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ की 1945 में खाद्य एवं कृषि संगठन के स्थापना दिवस 16 अक्टूबर के सम्मान में विश्व भर में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य भूख तथा गरीबी के पीछे समस्याओं और कारणों की चेतना और ज्ञान के संबंध में जागरूकता लाना है। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दुनिया भर में हर किसी के लिये पर्याप्त भोजन उपलब्ध हो। इसी को दृष्ट्रिगत रखते हुये यह आयोजन मुख्य अतिथि माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा ने स्वागत भाषण में विश्व खाद्य दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. सुरभि यादव ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट पावर पावइंट पर प्रिजेंटेशन दिया। कार्यक्रम की श्रृखंला में डॉ. पी.जी. नाजपांडे जी ने अपने सारगर्मित उद्बोधन से विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर एनीमल प्रोटीन एवं जिलेटिन की महत्ता पर प्रकाश डाला। माननीय कुलपति जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतवर्ष दुग्ध उत्पादन में सर्वोच्च स्थान पर है, साथ ही देश में अनाज, फसल, सब्जीयों एवं फलों के उत्पादन में वृद्धि निरंतर हो रही है, तभी हम बढ़ती आबादी के अनुपात में दुग्ध एवं खाद्यन्न उत्पादन में वृद्धि, प्रसंस्करण, भंडारण एवं समान सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर ज्ञानवर्धक जानकारी से अवगत कराया। जिससे उचित मूल्य पर उत्तम गुणवत्ता के दूध, दुग्ध उत्पाद एवं अन्य खाद्यन्न की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है, जिससे प्रदेश में खाद्यन्न की गुणवत्ता के साथ उचित दर उपलब्धता सुनिश्चित करने में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण सहभागिता प्रतिपादित हो सके। साथ ही कुलपति जी ने अपने

उद्बोधन में आपने गौ–संवर्धन एवं संरक्षण से संबंधित भावी समेकित कृषि प्रणाली पद्धति के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जिससे किसानों की आय में दोगुनी वृद्धि के लक्ष्य हासिल किया जा सके। सभी को विश्व खाद्य दिवस पर शुभकामनायें प्रेषित की गई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. वाय.पी. साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. जे. के. भारद्वाज, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. एस.के. जोशी, कुलसचिव, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. एम.एल.व्ही. राव, श्री अनिल पचौरी, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. एच.एस. सिंह, डॉ. आर.पी. नेमा, डॉ. एस.के. महाजन, अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान वि.वि., डॉ. हरि आर, व समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी एवं आभार प्रर्दशन डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)